

जयपुर विकास प्राधिकरण की अनुमोदित योजनाओं की ऑनलाईन सर्विसेज

# JDA Change in Land Use (Residential to Commercial) जेडीए भूमि उपयोग में परिवर्तन (आवासीय से वाणिज्यिक))


1. ई–मित्र का डैशबोर्ड पर जाकर आपको Utility Type Service में सर्च करना है।




2. सर्च बॉक्स दिखाई देगा, जिसमें JDA टाइप करने पर आपको जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा संचालित सभी ऑनलाईन सर्विसेज दर्शित होगी। आवश्यकतानुसार सर्विस चयन की जा सकती है। जैसेः– JDA Change in Land Use (Residential to Commercial)




3. इसके बाद आप द्वारा चयनित सर्विस का आवेदन फॉर्म दिखाई देगा। इसमें आपको वांछित विवरणों का इन्द्राज करना है।



4. अगर आवेदक एक से अधिक है तो आप Add More Applicant का चयन करे, उसके बाद प्रदर्शित विन्डो में वांछित विवरणों का इन्द्राज कर Save पर क्लिक करना है।




5. अगर आवेदन मुख्तारनामा (Power of Attorny (POA) ) द्वारा किया गया है तो आप Add Power of Attorny (POA) if Required का चयन करे, उसके बाद प्रदर्शित विन्डो में वांछित विवरणों का इन्द्राज कर Save पर क्लिक करना है।




इसके बाद आपको Continue पर क्लिक करना है। इस प्रकार आपके द्वारा Application Detail की प्रक्रिया पूर्ण हो जायेगी।


**नोटः— इस बात का विशेष ध्यान रखे कि समस्त सूचनायें आवेदनकर्त्ता की ही होनी चाहिए। स्वयं की कोई भी डिटेल्स आवेदन में इन्द्राज नही करेंगे।**

6. JDA Change in Land Use (Residential to Commercial) ऑनलाईन सर्विस की सब–केटेगरी का आवश्यकतानुसार चयन कर Continue बटन पर क्लिक करना है।




7. इसके बाद Property Detail में आवेदित भूखण्ड का विवरण सर्च करने हेतु 03 विकल्प दिये गये है। जैसे:— सर्विस नम्बर के माध्यम से, योजना का नाम तथा Advance Search


अगर आवेदक को सर्विस नम्बर पता है तो आप सर्विस नम्बर के माध्यम का चयन कर सर्विस नम्बर इन्द्राज कर Pick बटन पर क्लिक करना है।




8. यदि आवेदक को सर्विस नम्बर पता नही है, उसे केवल भूखण्ड की योजना नाम का पता है तो आप Find Through Scheme Name चयन कर योजना का नाम Search करने पर प्रदर्शित विन्डो में सही योजना नाम का चयन कर Select बटन पर क्लिक कर ले|




9. इसके बाद आवेदक का भूखण्ड संख्या का चयन करे। जैसे कि नीचे दिये गये चित्र में प्रदर्शित है।




10. भूखण्ड संख्या का चयन उपरान्त भूखण्ड का विवरण प्रद्वर्शित होगा, जिसमें जविप्रा में उक्त भूखण्ड के संबंध में दर्ज मालिकाना विवरण दर्शित हो जायेगा। इसके बाद Continue बटन पर क्लिक करना है।




11. Continue बटन पर क्लिक करने पर आपको उस भूखण्ड का सम्पूर्ण विवरण जैसे– सर्विस नम्बर, योजना का नाम, भूखण्ड संख्या, क्षेत्रफल प्राप्त जायेगा, जिसे आवेदक द्वारा सावधानी पूर्वक अवलोकन उपरान्त Continue बटन पर क्लिक करे। इस प्रकार आपके द्वारा Property Details की प्रक्रिया पूर्ण हो जायेगी।



16. इसके बाद Upload Documents में आवेदित भूखण्ड से संबंधित दस्तावेज अपलोड कर देगे। जैसे कि नीचे दिये गये चित्र में प्रदर्शित है। अगर कोई दस्तावेज गलत अपलोड हो गया है तो उसे हटा सकते है। हटाया गया गलत दस्तावेज के स्थान पर सही दस्तावेज अपलोड किया जा सकता है। इसके बाद Continue बटन पर क्लिक करे। इस प्रकार Upload Document की प्रक्रिया पूर्ण हो जायेगी।



17. इसके बाद Final Submission में Review Application पर क्लिक कर आवेदक Application, Service, Property Detail and uploaded Documents की जॉच कर सकते है।




इसके बाद आवेदक द्वारा चैक बॉक्स में क्लिक कर Final Submission बटन पर क्लिक करे। इस प्रकार से आवेदन प्रक्रिया पूर्ण हो जायेगी। आवेदन की रसीद आवेदनकर्त्ता को प्रदान करे।